Social Justice Union — Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 22 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 54

## महत्वपूर्ण एवं खास

### निलंबित आईएएस रानू साहू की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रायपुर (आरएनएस)।** एसएबीआई और ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत ने निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। रानू साहू इस समय डीएमएफ घोटाले में फंसी हुई हैं। इस याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया था। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि डीएमएफ घोटाले में रानू साहू और उनकी करीबी माया वारियर की भूमिका संदिग्ध है। माया वारियर को पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया जा चुका है, और उनसे मिली जानकारी के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। अभियोजन ने तर्क दिया कि यदि रानू साहू को जमानत दी गई, तो इससे जांच और साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर, बचाव पक्ष ने ईडी की एफआईआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि रानू साहू का इस मामले से कोई संबंध नहीं है और एफआईआर गलत तरीके से दर्ज की गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज करने का फैसला सुनाया। जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) एक ट्रस्ट है, जो छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में गैर-लाभकारी संस्था के रूप में स्थापित है। इसका उद्देश्य खनन से प्रभावित व्यक्तियों और क्षेत्रों के हित में काम करना है। डीएमएफ को खनिकों के योगदान से वित्त पोषित किया जाता है, ताकि खनन गतिविधियों से प्रभावित समुदायों को सहायता और लाभ मिल सके।

### गांजा तस्करी मामले में जीआरपी के चार आरक्षक बर्खास्त

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** ट्रेन से गांजा तस्करी के मामले में जीआरपी के चारों आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। ज्ञात हो कि ट्रेन से गांजा तस्करी मामले में चार जीआरपी आरक्षक को गिरफ्तार किया गया था. इन आरक्षकों ने तस्करों के नेटवर्क से जुडक़र करोड़ों रुपए कमाए थे। जीआरपी के आरक्षक सौरभ नागवंशी , मन्नू प्रजापति , संतोष राठौर एवं लक्ष्मण गाईन को बर्खास्त किया गया है. इन आरक्षकों ने रिश्तेदारों के नाम पर अकाउंट खोलकर करोड़ों के लेनदेन किए थे. वहीं कॉल डिटेल से खुलासा हुआ है कि सरगना का आरक्षकों से लगातार संपर्क था। अभी तक जवानों के पास से करोड़ों की संपत्ति मिली है, जबकि जांच अभी जारी ही है। वहीं बैंक खातों से भी करोड़ों के लेनदेन का खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक बीते कुछ सालों में जवानों के खातों से तीन करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन किया गया है। ये राशि उनकी सालाना आय से कई गुना ज्यादा है। यही नहीं तस्करों के खिलाफ बनाए गए प्रकरणों में गांजा की मात्रा कम बताई गई। इस पूरे प्रकरण में पुलिस साइलेंट तरीके से कार्रवाई कर रही है। अब पुलिस ने गुपचुप तरीके से आरोपियों की संपत्ति की जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण में जिला पुलिस बल और क्राइम ब्रांच के जवानों की संलिप्तता की भी जांच कराई जा रही है। दरअसल आरक्षकों के पकड़े जाने के बाद से ही शहर में चर्चा है कि वे क्राइम ब्रांच और थानों में पदस्थ बल की मदद से भी गांजे की अफरा-तफरी करते थे। जवानों ने ना सिर्फ गांजे के कारोबार से करोड़ों की संपत्ति खड़ी की, बल्कि पद का दुरुपयोग करते हुए नशे से जुड़े अवैध कारोबारियों को बढ़ावा दिया है।

### अमृतसर के जुझार एवेन्यू में एक घर के बाहर दो युवकों ने की फायरिंग

**अमृतसर (आरएनएस)।** शहर में एक बार फिर अपराध की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ताजा मामला अमृतसर के जुझार एवेन्यू, एयरपोर्ट रोड का है. जहां एक घर के बाहर अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। जानकारी के अनुसार जुझार राजस्व के कक्ष क्रमांक 26 में अज्ञात लोगों द्वारा गोली चलायी गयी. और उन्हें बताया कि घर में केवल एक बुढिय़ा रहती है। वहीं परिवार के बाकी सदस्य विदेश में रहते हैं। लोगों ने बताया कि जैसे ही हमलावरों ने पहले गोलियां चलाईं तो इलाके के लोगों को लगा कि शायद कोई पटाखे चला रहा होगा और बाद में पता चला कि किसी अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाई हैं, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल हो गया। वहीं पुलिस पार्टियों ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएम मोदी को डोमिनिका के सर्वोच्च सम्मान से किया गया सम्मानित

## बोले, यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित

**नई दिल्ली । आरएनएस**



डोमिनिका ने कोविड-19 महामारी के दौरान केरेबियाई राष्ट्र को दी गई मदद में भारत के योगदान और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने के उनके समर्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। डोमिनिका की राष्ट्रपति सिलवेनी बर्टन ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मान को भारत के लोगों को समर्पित किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डोमिनिका द्वारा सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करता हूं।

डोमिनिका के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने के बाद पीएम मोदी ने कहा, मैं डोमिनिका के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन, प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट और डोमिनिका के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों का, उनके संस्कार और उनकी परंपरा का है। भारत और डोमिनिका दो लोकतंत्र हैं। हम दोनों पूरी दुनिया के लिए महिला सशक्तिकरण के रोल मॉडल हैं। दोनों ही देशों में महिला राष्ट्रपति हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह गहरे संतोष का विषय रहा है कि हम कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के समय डोमिनिका के लोगों की मदद कर सके।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका को दी गई मदद के साथ ही भारत-डोमिनिका संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए है।

## दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, सात लोगों की मौत- 25 से ज्यादा घायल

**हजारीबाग । आरएनएस**



झारखंड के हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या के बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। 25 से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बस कोलकाता से पटना जा रही थी। सुबह करीब 6.30 बजे बस अनियंत्रित होकर एक गड्ढे के पास पलट गई। ज्यादातर यात्री नींद में थे। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

दुर्घटनाग्रस्त बस की खिड़कियां तोडक़र यात्रियों को बाहर निकाला गया। तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चार अन्य की अस्पताल जाते समय मौत हो गई। जीटी रोड पर सिक्स लेन निर्माण के लिए जगह-जगह मिट्टी काटी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक जगह गड्ढे की वजह से लेन बदलने के दौरान बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

लोगों का कहना है कि सिक्स लेन सडक़ निर्माण की गति बेहद धीमी है। गोरहर से लेकर चौपारण तक कई जगहों पर महीनों से पिलरों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। कई जगहों पर गड्ढे किए गए हैं। इस वजह से सडक़ पर लगातार हादसे हो रहे हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, गोरहर थाना प्रभारी, बरक_ा थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंची है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है।

## बिजनौर में गन्ने से भरे ट्रैक्टर से टकराई बाइक, तीन युवकों की मौत

**बिजनौर । आरएनएस**

यूपी के बिजनौर में ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई। यह हादसा 20 नवंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ जिसमें दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि एक घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गए, जिसके बाद बाइक सवारों ने दम तोड़ दिया।

एसपी पूर्वी धर्म सिंह मारछाल ने बताया बाइक पीछे से आ रही थी और गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राली से जा भिड़ी। हादसा हल्दौर नहटौर मार्ग पर हुआ। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं, एक घायल की मौत उसे इलाज के लिए ले जाने के दौरान हो गई। तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया। मृतकों के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है। 16 नवंबर को भी बिजनौर में एक ऐसा ही दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें 7 लोगों की जान चली गई थी। तब कार और ऑटो की भिड़ंत हो गई थी। घने कोहरे के कारण धामपुर के देहरादून नैनीताल नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने थ्री व्हीलर वाहन को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में थ्री व्हीलर वाहन के चालक समेत सात लोगों की मौत हो गई थी। सभी मृतक झारखंड से एक शादी समारोह से वापस अपने गांव तिबड़ी लौट रहे थे। पुलिस ने बताया था कि कार किसी अन्य वाहन को ओवरटेक कर रही थी, इसी दौरान उसने ऑटो को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया था कि ऑटो में सवार सात व्यक्ति थाना धामपुर क्षेत्र के रहने वाले थे और मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से लौट रहे थे। हादसे में 6 लोगों की मौके पर और ऑटो चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

## एनआईए की बड़ी कार्यवाई : पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ के मामले में जम्मू में कई इलाकों में की छापेमारी

**जम्मू । आरएनएस**





राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार सुबह जम्मू के कई इलाकों पर रेड डाली। यह छापे एक नए दर्ज मामले से संबंधित हैं, जिसमें पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार एनआईए की इस छापेमारी का मकसद पाकिस्तानी आतंकियों के भारत में घुसने के प्रयासों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ की मदद से एनआईए के अधिकारी कई स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं।

एनआईए की ये छापेमारी जम्मू के इलाकों में हो रही है। पिछले दिनों घाटी में कई आतंकी घटनाएं हुई हैं। जिसके बाद आतंकियों के खिलाफ सुरक्षबालों का एक्शन भी तेज हो चुका है। एनआईए की इस कार्रवाई को आतंकियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के रूप देखा जा रहा है।

इससे पहले, एनआईए ने 5 अक्टूबर को 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की ओर से यह छापेमारी महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की गई थी। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की थी। बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी ली थी।

एनआईए की इस कार्रवाई से पहले 1 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के कई जिलों में छापेमारी की गई थी। 1 अक्टूबर को एनआईए की टीम ने दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता में 11 जगहों पर छापेमारी की थी।

## अब 3 घंटे से अधिक देरी वाली फ्लाइट होगी रद्द

**नई दिल्ली । आरएनएस**



नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे यात्रियों को किसी भी तरह की देरी की सूचना तुरंत दें और तीन घंटे से अधिक देरी वाली उड़ानों को रद्द करें, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। मंत्रालय का कहना है कि सर्दी बढऩे के साथ घने कोहरे के कारण उड़ान बाधित होने की आशंका रहती है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू की अध्यक्षता में कोहरे की तैयारियों पर समीक्षा बैठक के बाद दिशा-निर्देश जारी किए गए। केंद्रीय मंत्री ने सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'उड़ान की सुगमता' के दृष्टिकोण के साथ यात्री-प्रथम दृष्टिकोण पर जोर दिया। एयरलाइनों को यह भी कहा गया है कि वे दिल्ली जैसे हवाई अड्डों पर परिचालन के लिए कैट अनुरूप विमान और प्रशिक्षित पायलटों का उपयोग करें, जहां सर्दियों के दौरान, विशेष रूप से दिसंबर में विजिबिलिटी कम होने की संभावना होती है। एयरलाइनों को असुविधा को कम करने के लिए पूरी तरह से स्टाफ वाले चेक-इन काउंटर बनाए रखने और संचार की सुविधा के लिए टिकट बुक करते समय यात्रियों की कॉन्टैक्ट डिटेल्स दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया है।

दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर डीआईएएल को विजिबिलिटी कंडीशन पर रियल टाइम अपडेट के लिए एलईडी स्क्रीन लगाने और लो-विजिबिलिटी की स्थिति में विमानों के मार्गदर्शन के लिए 'फॉलो मी' व्हीकल्स की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इस सप्ताह धुंध ने पहले ही फ्लाइट शेड्यूल को प्रभावित कर दिया है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में लो विजिबिलिटी के कारण 100 से अधिक उड़ानें देर हुई और 15 को डायवर्ट किया गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने व्यवधानों को कम से कम करने के लिए एयरलाइनों, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और ग्राउंड हैंडलर के बीच रियल टाइम कॉर्डिनेशन बढ़ाने को जरूरी बताया। नागरिक उड्डयन मंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में मंत्रालय, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक और इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा जैसी वाणिज्यिक एयरलाइनों के प्रतिनिधियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि लो विजिबिलिटी की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कई उपाय लागू किए जा रहे हैं। दिल्ली हवाई अड्डे के चार में से तीन रनवे पर कैट इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) लगे हैं, जिससे घने कोहरे में भी विजिबिलिटी कम होने पर परिचालन संभव हो पाता है।

## 78 लग्जरी कारें बेच करोड़ों का धोखाधड़ी करने वाला शख्स गिरफ्तार

**गुरुग्राम । आरएनएस**

गुरुग्राम में एक शातिर शख्स को गिरफ्तार किया गया है, जिसने एक जानी-मानी कार फाइनेंशियल कंपनी को धोखे में रखकर 78 लग्जरी कारें खरीद ली थीं और उन्हें बिना कागजात के बेचकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की थी। इन कारों में से अधिकांश बैंगलोर की सडक़ों पर दौड़ रही हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी राघवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कंपनी के अन्य निदेशक, नारायणप्पा समेत अन्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

2022 में, टेक्नो जस्ट कार्स 365 लिमिटेड के निदेशकों राघवेंद्र और नारायणप्पा ने कार्स-24 फाइनेंशियल प्राइवेट लिमिटेड से 78 गाडिय़ां खरीदीं। इन निदेशकों ने कारों की खरीद के दौरान यह वादा किया कि वे कारें बेचने के बाद धीरे-धीरे भुगतान करेंगे। कार्स-24 कंपनी ने इस शर्त पर उन्हें कारें दे दीं, लेकिन राघवेंद्र और नारायणप्पा ने एक भी कार की पेमेंट नहीं की। इसके बाद वे 78 कारें बेचकर फरार हो गए।

कार्स-24 कंपनी ने धोखाधड़ी की शिकायत गुरुग्राम पुलिस में दी, जिसके बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की और राघवेंद्र को बैंगलोर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही बाकी फरार आरोपियों को पकडक़र कंपनी से पैसे की रिकवरी भी करेंगे।

## हिमाचल भवन के बाद अब बीकानेर हाउस की होगी कुर्की, 50 लाख का भुगतान नहीं करने पर कोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिल्ली में हिमाचल भवन की नीलामी करने के आदेश के बाद अब बीकानेर हाउस की कुर्की का आदेश भी आ गया है। पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को कुर्क करने का आदेश दिया है। बीकानेर हाउस का मालिकाना हक राजस्थान नगर पालिका के पास है। दरअसल, राजस्थान की नोखा नगर पालिका और एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच विवाद के बाद एक समझौता हुआ था। इसी समझौते का पालन नहीं करने पर ये आदेश जारी किया गया है।

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में कमर्शियल कोर्ट की जज विद्या प्रकाश की बेंच ने ये आदेश दिया है। एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स के बीच विवाद के बाद नगर पालिका को 50.31 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था। ये आदेश 21 जनवरी 2020 को जारी हुआ था। लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका ने कंपनी को भुगतान नहीं किया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि नोखा नगर पालिका अदालत के अगले आदेश तक बीकानेर हाउस को लेकर कोई फैसला या काम नहीं कर पाएगी। इस मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। उस दिन बीकानेर हाउस की बिक्री से जुड़ी शर्तों और बाकी प्रक्रियाओं पर फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश की हाईकोर्ट ने दिल्ली के मंडी हाउस में स्थित हिमाचल भवन की कुर्की का आदेश दिया था। हिमाचल सरकार पर सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी का बकाया न चुकाने पर कोर्ट ने ये आदेश जारी किया है। पावर कंपनी को 2009 में एक प्रोजेक्ट मिला था। इसके लिए कंपनी ने सरकार के पास 64 करोड़ रुपये का अपफ्रंट प्रीमियम जमा करवा दिया था।बाद में ये प्रोजेक्ट बंद हो गया और सरकार ने 64 करोड़ रुपये जब्त कर लिए

## गांधीनगर में 100 से ज्यादा लड़कियां बनीं साइबर फ्रॉड की शिकार, जांच में जुटी पुलिस

**गांधीनगर । आरएनएस**

गुजरात के गांधीनगर से साइबर फ्रॉड का अजीब मामला सामने आया है। जहां पढऩे वाली लड़कियों का व्हाट्सएप हैक कर दोस्तों-रिश्तेदारों से फीस भरने के लिए आर्थिक मदद मांगने का फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। शुरुआती जांच में 100 से ज्यादा लड़कियां साइबर फ्रॉड का शिकार बनी हैं। स्टेट साइबर क्राइम में एक लडक़ी द्वारा हेल्पलाइन 1930 नंबर पर दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव से एक युवक को पकड़ा गया है। दरअसल इस धोखेबाज ने पढऩे वाली लडक़ी का व्हाट्सएप हैक कर उसके रिश्तेदारों से फीस के लिए मदद के नाम पर पैसा मांगा। इस तरह 100 से ज्यादा लड़कियों को ठगे जाने की प्रारंभिक जानकारी सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने प्रभात कुमार छोटेलाल गुप्ता नाम के आरोपी को मध्य प्रदेश के अनुपपुर जिले के बदरा गांव से गिरफ्तार किया है।

जांच के दौरान एक मोबाइल नंबर और एसबीआई का एक बैंक खाता नंबर मिला, जिसमें फीस के नाम पर फर्जी तरीके से ऐंठा गया पैसा ट्रांसफर किया गया था। राज्य साइबर सेल की टीम अब आरोपी को स्कूल और कॉलेजों में पढऩे वाली लड़कियों और युवतियों के नंबर कहां से मिले और वह व्हाट्सएप को कैसे हैक करता था, इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

गांधीनगर सीआईडी साइबर सेल के अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी अपराध करने के लिए आपकी सोशल मीडिया जानकारी का उपयोग करते हैं। हाल ही में एक लडक़ी का व्हाट्सएप हैक किया गया था और उसके दोस्तों-रिश्तेदारों से पैसे की मांग की गई। आरोपी ने पैसे अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए। आरोपी को हमने गिरफ्तार कर लिया है। हमने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।